# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.08.2025 समय : 0705

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी उत्पाद खरीदने की अपील पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।
- प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में हुई दुर्घटना में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की।
- भारत में बी एस एन एल और एन आर एल ने उद्योग चार दशमलव शून्य को अपनाने में तीव्रता लाने के लिए ऐतेहासिक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- तीन दिवसीय अंडमान निकोबार राज्य शतरंज चैम्पियनशिप चौदह अगस्त से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को दोहराया और देशवासियों से देश में ही बने उत्पादों को खरीदने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त के वितरण के अवसर पर देशवासियों से स्वेदशी उत्पाद खरीदने की अपील की थी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री और सरकार की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। आज हम चौथे स्थान पर हैं, जल्द ही हम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। हमारा देश एक सौ

चौवालीस करोड़ की आबादी वाला बड़ा बाज़ार है। अगर हम ठान लें कि हम देश में बनी चीजें ही खरीदेंगे और उन्हीं का उपयोग करेंगे, तो चाहे हमारे किसान हों, छोटे–छोटे निर्माता हों, स्वयं सहायता समूह हों, आस–पास सामान बनाने वाले भाई–बहन हों उनकी आमदनी बढ़ेगी। उनकी आमदनी बढ़ेगी तो हमारी अर्थव्यवस्था मज़बूत होगी।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गोंडा में हुई एक दुर्घटना में मरने वाले लोगों के प्रति दुःख व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि घायलों को 50–50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

<><><><><><>

कैम्पबेल के विभिन्न स्थानों पर कृषि विभाग द्वारा पी एम किसान योजना का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक सभागार में किया गया। किसानों ने अपने खातों में किश्त प्राप्त करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कृषि विभाग और पंचायत के सहयोग की प्रशंसा की।

<><><><><><>

नीट पीजी  परीक्षा आज देशभर के कई केंद्रों पर आयोजित की गई। लगभग ढाई लाख परीक्षार्थियों ने सवेरे नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक एक ही पाली में परीक्षा दी। यह परीक्षा कंप्यूटर– आधारित थी।

<><><><><><>

भारत के डिजिटल परिवर्तन और औद्योगिक आधुनिकीकरण में तेजी लाने की दिशा की पहल में, भारत संचार निगम लिमिटेड और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड ने गुवाहाटी में वित्त मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित ''सी.पी.एस.ई के लिए उद्योग चार दशमलव शून्य कार्यशाला'' के दौरान एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कार्यशाला में लोक उद्यम विभाग के सचिव , एन.आर.एल के सी.एम.डी , बी.एस.एन.एल के निदेशक (उद्यम व्यवसाय) , एन.आर.एल के एम.डी , एमट्रॉन के एम.डी , और वित्त मंत्रालय तथा विभिन्न सी.पी.एस.ई के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित कई वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान हुई चर्चाओं में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को परिवर्तनकारी उद्योग चार दशमलव शून्य तकनीकों को अपनाने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें फाइव जी सी.एन.पी.एन , डिजिटल ट्विन्स , ए.आई के साथ थ्री डी प्रिंटिंग , वर्चुअल फॉर्मूलेशन , ए.आर/वी.आर/एम.आर , आई.ओ.टी और बिग डेटा एनालिटिक्स शामिल हैं, ताकि नवाचार, दक्षता और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा दिया जा सके। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत, बी.एस.एन.एल और एन.आर.एल रिफाइनरी क्षेत्र में भारत का पहला फाइव जी सीएनपीएन (कैप्टिव नॉन–पब्लिक नेटवर्क) स्थापित करने के लिए सहयोग करेंगे , जिससे सुरक्षित, अति–विश्वसनीय और रीयल–टाइम औद्योगिक कनेक्टिविटी का एक नया युग शुरू होगा। यह पहल मिशन–क्रिटिकल कार्यों के लिए स्वदेशी फाइव जी बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण ने कांडला बंदरगाह क्षेत्र में भारत का पहला मेक–इन–इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र चालू किया है। बंदरगाह प्राधिकरण ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेट–ज़ीरो विज़न की दिशा में एक सशक्त कदम है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में, कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है, जो संधारणीयता को बढ़ावा देता है और नेट–ज़ीरो विज़न को सशक्त बनाता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ तीन दिवसीय शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन करने जा रहा है। अंडमान–निकोबार राज्य शतरंज चैम्पियनशिप–दो हजार पच्चीस नाम की यह प्रतियोगिता चौदह से सोलह अगस्त तक श्री विजयपुरम् के मरीन हॉल में आयोजित की जाएगी। इस टूर्नामेंट में केंद्र शासित प्रदेश के सभी शतरंज खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए ऑल इंडिया चेस फेडरेशन में पंजीकरण अनिवार्य है। जिला स्तरीय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए ए.एन.सी.ए (उत्तर और मध्य अंडमान) और निकोबार जिलों से प्रत्येक से चार नामांकित खिलाड़ियों के लिए आवास और यात्रा व्यय प्रदान करेगा। खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना पंजीकरण डेयरी फार्म स्थित ए.एन.सी.ए कार्यालय तेरह अगस्त को सुबह दस बजे से शाम साढ़े पाँच बजे तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नौ नौ तीन तीन दो एक सात शून्य पांच पांच या आठ नौ शून्य शून्य नौ आठ शून्य एक छः एक पर संपर्क करें या anchessassociation@gmail.com पर ईमेल करें।

<><><><><><><>

मुख्यभूमि के संस्थानों में द्वीपसमूह के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर और फार्मेसी पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों के आवंटन के लिए CSAB NEUT की स्पॉट राउंड काउंसलिंग ग्यारह अगस्त को आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में सुबह दस बजे से किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेज़ सचिवालय के विकास–चार अनुभाग में आठ अगस्त शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा में अनुबंध के आधार पर काउंसलर के पद हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र ब्लॉक परियोजना कार्यालयों या क्षेत्रीय कार्यालयों में कल शाम पाँच बजे तक निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक पूर्ण भरे हुए आवेदन को सम्बन्धित कार्यालयों में अट्ठारह अगस्त शाम पाँच बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदक एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र जमा नहीं कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने आयुष मंत्रालय से परामर्श के बाद, आयुर्वेदिक आहार की एक सूची जारी की है। इससे खान–पान को लेकर भारत के सदियों पुराने ज्ञान को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं तथा कारोबारियों–दोनों में विश्वास बढ़ेगा। इसके अलावा, आयुर्वेदिक आहार उत्पाद तैयार करने के लिए कारोबारियों को भरोसेमंद संदर्भ सामग्री भी मिल सकेगी। आयुष राज्यमंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य मंत्री श्री प्रताप राव जाधव ने लोगों से दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद

आहार को सम्मिलित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद आहार न केवल शरीर को पोषण देते बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता, पाचन और समग्र स्वास्थ्य लाभ को भी बढ़ावा देते हैं। इस पहल से, खाद्य उद्योग जगत से जुड़े पक्षों के लिए नियामक स्पष्टता बढ़ेगी और बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद–आधारित पोषण को व्यापक स्वीकृति मिल सकेगी।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल पांच अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक ब्रिचगंज बफल रेंज में फायरिंग अभ्यास करेगा। तटरक्षक मुख्यालय की ओर से सभी नागरिको को सलाह दी जाती है कि वे अपने वाहन तथा मवेशियों को फायरिंग अभ्यास के दौरान फायरिंग रेंज से दूर रखें।

<><><><><><><>